मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-534
23/10/2021

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

निर्देश :–

- 28 अक्टूबर और 7 नवंबर को कोरोना टीकाकरण के लिए चलाये जाने वाले विशेष अभियान की पूरी तैयारी रखें।

- डोर–टू–डोर सर्वे के दौरान चिन्हित किये गये बचे हुए लोगों का टीकाकरण तेजी से करायें। साथ ही एक बार फिर से सर्वे करा लें ताकि कोई भी कोरोना टीका लेने से वंचित न रहे।

- दीपावली एवं छठ महापर्व में देश के अन्य राज्यों में रह रहे बिहार के लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं, उनकी कोरोना जांच करायें। अगर उनका अभी तक टीकाकरण नहीं हुआ है तो टीकाकरण भी अवश्य करायें।

- रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं इंटर स्टेट बॉर्डर चेक प्वाइंट पर बाहर से आने वालों पर विशेष नजर रखें। इन जगहों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की उपलब्धता के साथ–साथ कोरोना जांच एवं टीकाकरण की पूरी व्यवस्था रखें।

- हाल में हुए वर्षापात से प्रभावित जगहों के लोगों की भी कोरोना जांच एवं टीकाकरण की जानकारी लें और बचे हुए लोगों का टीकाकरण अवश्य करायें।

- सभी लोगों को जब कोरोना का टीका लग जायेगा तो यह राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि होगी और लोग भी कोरोना संक्रमण से सुरक्षित होंगे।

- प्रचार–प्रसार कर लोगों को कोरोना संक्रमण के प्रति सचेत एवं जागरुक करते रहें।

पटना, 23 अक्टूबर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति, कोरोना जांच एवं जिलावार कोरोना टीकाकरण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि 18, 19 और 20 अक्टूबर को कोरोना टीकाकरण को लेकर डोर–टू–डोर अभियान चलाया गया था, जिसमें अभी तक टीका नहीं लेने वाले लोगों को चिन्हित किया गया है। बचे हुए लोगों के टीकाकरण को लेकर 28 अक्टूबर और 7 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा। दीपावली और छठ महापर्व को देखते हुए 25 अक्टूबर से 20 नवंबर तक स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। 25 अक्टूबर से प्रतिदिन सवा दो लाख कोरोना टेस्टिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

समीक्षा बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारी जुड़े हुए थे। इस दौरान कई जिलाधिकारियों ने भी अपने–अपने विचार साझा किये।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि डोर–टू–डोर सर्वे के दौरान चिन्हित किये गये बचे हुए लोगों का टीकाकरण तेजी से करायें। साथ ही एक बार फिर से सर्वे करा लें ताकि कोई भी कोरोना टीका लेने से वंचित न रहे। हमलोगों ने 6 माह में 6 करोड़ लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा है। जैसी की जानकारी दी गई है कि प्रथम डोज और दूसरा डोज मिलाकर कुल 6 करोड़ 42 लाख के करीब कोरोना टीका का डोज दिया जा चुका है। सभी लोगों को जब कोरोना का टीका लग जायेगा तो यह राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि होगी और लोग भी कोरोना संक्रमण से सुरक्षित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 अक्टूबर और 7 नवंबर को कोरोना टीकाकरण को लेकर जो विशेष अभियान चलाया जायेगा उसकी पूरी तैयारी रखें। छठ महापर्व एवं दीपावली को लेकर पूरी तरह से अलर्ट रहें। कोरोना जांच और टीकाकरण का काम जारी रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली एवं छठ महापर्व में देश के अन्य राज्यों में रह रहे बिहार के लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं, उन सबकी कोरोना जांच करायें। अगर उनका अभी तक टीकाकरण नहीं हुआ है तो उनका टीकाकरण भी अवश्य करायें। अन्य राज्यों में रह रहे बिहार के लोगों को प्रचार–प्रसार के माध्यम से यह जानकारी दी गई है कि अगर उन्होंने अपना टीकाकरण एवं आर0टी0पी0सी0आर0 जॉच करा लिया है तो उसका प्रमाण पत्र साथ रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं इंटर स्टेट बॉर्डर चेक प्वाइंट पर बाहर से आनेवाले लोगों पर विशेष नजर रखें। इन जगहों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की उपलब्धता के साथ–साथ कोरोना जांच एवं टीकाकरण की पूरी व्यवस्था रखें। एंटीजन टेस्ट में अगर कोई भी कोरोना पॉजिटिव पाया जाता है तो उन्हें अलग रखकर उनका आर0टी0पी0सीआर0 टेस्ट करा लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में हुए वर्षापात से प्रभावित जगहों के लोगों की भी कोरोना जांच एवं टीकाकरण की जानकारी लें और बचे हुए लोगों का टीकाकरण अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि प्रचार–प्रसार कर लोगों को कोरोना संक्रमण के प्रति सचेत एवं जागरुक करते रहें।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव गृह श्री चैतन्य प्रसाद, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के

अपर कार्यपालक निदेशक श्री अनिमेश पराशर एवं राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक श्री केशवेन्द्र कुमार उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक/अधीक्षक, सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारीगण जुड़े हुए थे।

******